गुजरात में दूरभाष प्रणाली की शोचनीय स्थिति

4219. **श्री छोटूभाई पटेल :**
श्री सैयद सिब्ते रज़ी :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस वर्षा ऋतु के दौरान गुजरात में दूरभाष प्रणाली ठप्प हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो ठप्प हो गये दूरभाषों की संख्या कितनी है और किन-किन जगहों पर यह प्रणाली ठप्प हो गई है ; और

(ग) स्थिति में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं;

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं । गुजरात में टेलिफोन व्यवस्था ठप्प नहीं हुई थी । लगभग केवल चार प्रतिशत टेलीफोन प्रभावित हुए थे ।

(ख) गुजरात में मानसून के दौरान सूरत, अहमदाबाद, गांधीधाम–काण्डला प्रणाली, बल्सोर टाउन, राजकोट, वापी, नवासारी और दमन में 20393 टेलीफोन लाइनों में दोष उत्पन्न हो गया था ।

(ग) सभी प्रभावित लाइनों को 3 से 4 दिन के भीतर ठीक कर दिया गया । भविष्य में दोषों को कम से कम करने के उद्देश्य से केबिल डक्टिंग, केब्लि दाबोकरण, ओपन वायर लाइनों के स्थान पर भूमिगत केबिलें आदि बिछाए जाने जैसे निवारक उपाय किए जाते है ।

देश में मैनुअल एस. टी. डी. दूरभाष यंत्र

4220. **श्री छोटूभाई पटेल :**
श्री सैयद सिब्ते रज़ी :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश म कितने मैनुअल एस० टी०डी० दूरभाष यंत्र लगाये गये हैं ;

(ख) क्या इससे उपभोक्ता संतुष्ट हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि एस०टी० डी० सार्वजनिक दूरभाष प्रभारों की तुलना में मैनुअल एस०टी०डी० काल प्रभार अधिक है ; और

(घ) क्या शहरी विस्तार योजना में मैनुअल एक्सचेंजों के अंतर्गत एस०टी०डी० सार्वजनिक दूरभाष चलाने वाले व्यक्तियों को सेवा प्रभारों में छूट दी जाएगी जैसे कि बड़े शहरों के मामले में दी जा रही है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) देश में मैनुअल एस०टी०डी० टेलीफोन उपकरणों की संख्या 10461 है ।

(ख) जी नहीं । तथापि, सभी मैनुअल एक्सचेंज मार्च, 1993 तक आटोमेटिक एक्सचेंजों में बदल दिए जाएंगे ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) जी नहीं ।

Delay in delivery of registered Mail

4221. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Miinster of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there have been general increase in the instances of delay in the delivery of registered mail by the P and T department and even the cases of non-delivery;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the number of complaints received in this regard during 1991 and 1992 as on date; and

(d) the details of the action Government propose to take to improve this service?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) Yes, Sir. There has been a marginal increase in the number of complaints received about delay non-delivery of registered mail. But the surveyes conducted did show reduction in the transit for registered articles.